वर्ष- 02 अंक- 246
छपरा
23 जुलाई बुधवार
2025
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू
E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

## 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट केस, महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची

### बॉम्बे हाईकोर्ट ने सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था



**मुंबई,एजेंसी।** 2006 के मुंबई सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में अब महाराष्ट्र सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गई है। शीर्ष कोर्ट में 24 जुलाई को सुनवाई होगी। महाराष्?ट्र सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सुप्रीम कोर्ट से तत्काल सुनवाई की अपील की थी। मुंबई में 2006 के सीरियल ट्रेन ब्लास्ट मामले में बॉम्बे हाईकोर्ट ने 21 जुलाई को सभी 12 आरोपियों को बरी कर दिया था। कोर्ट ने कहा कि प्रॉसीक्यूशन यानी सरकारी वकील आरोपियों के खिलाफ केस साबित करने में नाकाम रहे। हाईकोर्ट ने कहा कि यह मानना मुश्किल है कि आरोपियों ने अपराध किया है, इसलिए उन्हें बरी किया जाता है। अगर वे किसी दूसरे मामले में वॉन्टेड नहीं हैं, तो उन्हें तुरंत जेल से रिहा किया जाए। कोर्ट के आदेश के बाद सोमवार शाम 12 में से दो आरोपियों को नागपुर सेंट्रल जेल से रिहा कर दिया गया। इनमें एहतेशाम सिद्दीकी शामिल हैं, जिसे 2015 में एक निचली अदालत ने इस मामले में मौत की सजा सुनाई थी। दूसरा आरोपी, मोहम्मद अली आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। एक अधिकारी ने बताया कि 12 लोगों में शामिल नवीद खान अभी नागपुर जेल में ही रहेगा, क्योंकि वह हत्या के प्रयास के एक मामले में विचाराधीन कैदी है।

## ब्रिटिश फाइटर जेट ने 38 दिन बाद उड़ान भरी

### हाइड्रोलिक फेल होने के बाद तिरुवनंतपुरम एयरपोर्ट पर खड़ा था



**तिरुवनंतपुरम,एजेंसी।** ब्रिटिश नौसेना के लड़ाकू विमान F-35B ने मंगलवार को 38 दिन बाद केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट से उड़ान भरी। हाइड्रोलिक फेल होने की वजह से जेट उड़ान नहीं भर पा रहा था। जेट को ठीक करने के लिए 25 इंजीनियरों की टीम 6 जुलाई को ब्रिटेन से भारत पहुंची थी। एयरक्राफ्ट F-35B 14 जून की रात जॉइंट समुद्री अभ्यास के तहत अरब सागर के ऊपर नियमित उड़ान पर था। खराब मौसम और कम ईंधन की वजह से केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग करनी पड़ी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। 918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के HMS प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। ब्रिटिश हाई कमीशन ने भारत का आभार जताया ब्रिटिश हाई कमीशन के प्रवक्ता ने कहा, F-35B विमान आज रवाना हुआ। 6 जुलाई से तैनात ब्रिटिश इंजीनियरिंग टीम ने मरम्मत और सिक्योरिटी चेकिंग पूरी करके विमान को एक्टिव सर्विस की इजाजत दे दी।

### मॉनसून सत्र के दूसरे दिन भी नहीं चल सकी सदन की कार्यवाही

# बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण को लेकर संसद में विपक्ष का प्रदर्शन, प्रक्रिया को वोट चोरी की कोशिश करार दिया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** संसद में मंगलवार को विपक्षी सांसदों ने जमकर विरोध किया। बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण के विरोध में विपक्ष के सांसदों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा प्रमुख अखिलेश यादव के नेतृत्व में मकर द्वार पर प्रदर्शन किया। सांसदों ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण के जरिये वोट की चोरी की कोशिश की जा रही है। यह चुनाव की चोरी के जैसा है। इस दौरान सांसदों ने एसआईआर- भारतीय अधिकारों की चोरी और एसआईआर- भारतीय गणराज्य को नुकसान पहुंचाना लिखी तख्तियां पकड़ी हुई थीं।

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा समेत कांग्रेस, सपा, राजद, तृणमूल कांग्रेस, डीएमके, झामुमो समेत कई दलों के सांसदों ने इस विरोध प्रदर्शन में हिस्सा लिया। इससे पहले राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मौजूदगी में इंडिया ब्लॉक नेताओं




की बैठक हुई। कांग्रेस महासचिव संगठन केसी वेणुगोपाल ने बताया कि बैठक के दौरान विपक्ष ने महत्वपूर्ण मुद्दों पर सवालों के जवाब देने के लिए सदन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की उपस्थिति पर जोर देने का फैसला किया। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने पहलगाम आतंकी हमला, ऑपरेशन सिंदूर, भारत-पाकिस्तान संघर्ष विराम पर डोनाल्ड ट्रंप के बयान, बिहार की एसआईआर प्रक्रिया, परिसीमन, दलितों, आदिवासियों, पिछड़े वर्गों और महिलाओं के खिलाफ बढ़ते अत्याचार, एआई 171 विमान दुर्घटना और मणिपुर गृह युद्ध जैसे मुद्दों पर सवालों के जवाब देने के लिए सदन में मोदी की उपस्थिति पर दबाव बनाने का फैसला किया।

उन्होंने कहा कि ये लोगों के मुद्दे हैं और इन्हें सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए। विपक्षी नेताओं ने यह मुद्दा भी उठाया कि राहुल गांधी को सदन में बोलने की अनुमति दी जाए। यह भी निर्णय लिया गया कि विपक्ष संसद के दोनों सदनों में एसआईआर का मुद्दा उठाएगा।

## आधार, मतदाता और राशन कार्ड केवल पहचान के लिए मान्य, चुनाव आयोग ने बिहार में एसआईआर को सही ठहराया

**नई दिल्ली,एजेंसी।** बिहार में इस साल के अंत तक विधानसभा के चुनाव होने है। इसके लिए राज्यभर की राजनीति में गर्माहट तेज है। हालांकि गर्माहट का एक और बड़ा कारण चुनाव आयोग की तरफ से मतदाता सूची की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर-2025) के फैसले को लेकर भी है। जहां विपक्षी दल लगातार से चुनाव आयोग के इस फैसले का विरोध कर रहे हैं। ऐसे में सोमवार को चुनाव आयोग ने बिहार में चल रहे एआईआर-2025 को लेकर उठ रहे सवालों पर सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर कर सफाई दी है। अपने हलफनामें में चुनाव आयोग ने कहा कि यह प्रक्रिया चुनाव की पवित्रता बनाए रखने के लिए जरूरी है, क्योंकि इससे अयोग्य व्यक्तियों को मतदाता सूची से हटाया जाता है। आयोग ने बताया कि एसआईआर-2025 के दौरान आधार कार्ड, वोटर कार्ड और राशन कार्ड जैसी पहचान से जुड़ी जानकारी का इस्तेमाल केवल पहचान स्थापित करने के लिए किया जा रहा है, नागरिकता या निवास प्रमाण के रूप में नहीं।





**आधार से पहचान, नागरिकता नहीं** :आयोग ने साफ किया कि आधार नंबर देना वैकल्पिक है और यह केवल पहचान के लिए लिया जा रहा है ना कि नागरिकता साबित करने के लिए। आधार अधिनियम, 2016 की धारा 9 के अनुसार, आधार नागरिकता का प्रमाण नहीं है। इसके साथ ही आयोग ने इस बात पर भी जोर दिया कि भारत का कोई भी नागरिक तभी वोट डाल सकता है जब वह 18 साल का हो और सामान्य रूप से उस क्षेत्र का निवासी हो।

# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का इस्तीफा मंजूर

- **संसद भी नहीं पहुंचे, विदाई समारोह में शामिल नहीं होंगे ; विपक्ष बोला- वजह स्वास्थ्य नहीं कुछ और है ।**

**नई दिल्ली,एजेंसी।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ का मंगलवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने इस्तीफा मंजूर कर लिया। यह जानकारी राज्यसभा में पीठासीन घनश्याम तिवाड़ी ने दी। धनखड़ आज सदन की कार्यवाही में भी शामिल नहीं हुए। सुबह 11 बजे अपर सदन की कार्यवाही की शुरुआत JDU सांसद हरिवंश ने की। इससे पहले खबर आई थी कि जगदीप इस्तीफा वापस नहीं लेंगे। ना ही विदाई समारोह में शामिल होंगे। उधर, पीएम मोदी ने कहा कि मैं उनके अच्छे स्वास्थ्य की कामना करता हूं।

देश के 14वें उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक का था। उन्होंने 10 जुलाई को एक कार्यक्रम में कहा था, ईश्वर की कृपा रही तो अगस्त,



2027 में रिटायर हो जाऊंगा।

### उपराष्ट्रपति के इस्तीफे की 2 थ्योरी

**पहली:** राष्ट्रपति को लिखे त्यागपत्र में धनखड़ ने पद छोड़ने की वजह स्वास्थ्य बताया था। **दूसरी:** विपक्ष इस्तीफे पर सवाल कर रहा है। कह रहा है कि इसकी वजह कुछ और है। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने मंगलवार को बताया, 21 जुलाई को दोपहर 12:30 बजे श्री जगदीप धनखड़ ने राज्यसभा की कार्य मंत्रणा समिति (BAC) की अध्यक्षता की। इस बैठक में सदन के नेता जेपी नड्डा और संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू समेत ज़्यादातर सदस्य मौजूद थे। थोड़ी देर की चर्चा के बाद तय हुआ कि समिति की अगली बैठक शाम 4:30 बजे फिर से होगी।

### सुप्रीम कोर्ट का निर्देश:

# कांवड़ मार्ग पर सभी होटलों को लाइसेंस और रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट दिखाना होगा

**नई दिल्ली,एजेंसी।** भोजनालयों के लिए क्यूआर कोड मामले पर सुप्रीम कोर्ट से उत्तर प्रदेश सरकार को बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने क्यूआर कोड संबंधी आदेश पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने कांवड़ यात्रा मार्ग के सभी होटल मालिकों को लाइसेंस और पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदर्शित करने का निर्देश दिया। सुप्रीम कोर्ट ने क्यू कोड अनिवार्य करने के मुद्दे पर कोई निर्देश नहीं दिया। अदालत ने कहा कि अभी क्यूआर कोड के मुद्दे पर विचार नहीं किया गया है और मुख्य याचिका पर सुनवाई के दौरान इस




पर विचार किया जा सकता है। मुख्य याचिका अभी अदालत में लंबित है।

**उत्तर प्रदेश सरकार के आदेश का हुआ विरोध** :सर्वोच्च न्यायालय उत्तर प्रदेश सरकार के उस निर्देश को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के उस आदेश को चुनौती दी गई, जिसमें सरकार ने कांवड़ मार्ग पर सभी खाने-पीने की दुकानों और भोजनालयों पर क्यूआर कोड स्टीकर प्रदर्शित करने और साथ ही दुकानों के बाहर बैनर लगाकर दुकान मालिक के नाम और पहचान को प्रदर्शित करने को कहा था। इन याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए जस्टिस एमएम सुंदरेश और जस्टिस एन कोटिश्वर सिंह की पीठ ने उत्तर प्रदेश सरकार और उत्तराखंड सरकार से जवाब मांगा था। सरकार के आदेश के खिलाफ

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हम शर्मिंदा हैं :ओडिशा में नाबालिग लड़की को जिंदा जलाया गया था ; हालत नाजुक

**नई दिल्ली ,एजेंसी ।** सुप्रीम कोर्ट ने ओडिशा में 15 साल की नाबालिग को जिंदा जलाए जाने की घटना पर कहा, हम शर्मिंदा हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची की बेंच ने सोमवार को कहा कि ग्रामीण इलाकों की स्कूली लड़कियों, घरेलू महिलाओं और बच्चों को सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए। कोर्ट ने केंद्र और सभी पक्षों से ठोस सुझाव मांगे हैं। कोर्ट ने घटना को दुर्भाग्यपूर्ण बताया और महिला सुरक्षा पर गंभीर चिंता जताई। इससे पहले, 12 जुलाई को ओडिशा के ही बालासोर जिले के फकीर मोहन कॉलेज में छात्रा ने आत्मदाह कर लिया था। छात्रा में कॉलेज फैकल्टी के खिलाफ सेक्शुअल हैरेसमेंट की शिकायत दी थी। लड़की दिल्ली एम्स में भर्ती, हालत गंभीर ओडिशा के पुरी में 19 जुलाई को 15 साल की नाबालिग लड़की पर तीन लोगों ने पेट्रोल डालकर आग लगा दी थी। लड़की की हालत अब भी गंभीर बनी हुई है। उसे 20 जुलाई को भुवनेश्वर एम्स से एयरलिफ्ट करके दिल्ली एम्स लाया गया था। यहां उसे बर्न्स और प्लास्टिक सर्जरी ब्लॉक के ICU में भर्ती किया गया है। डॉक्टरों की एक टीम उसकी हालत पर लगातार नजर रख रही है। लड़की को ऑक्सीजन सपोर्ट पर रखा गया है। घटना पुरी जिले के बायाबर गांव में उस वक्त हुई जब पीड़ित लड़की अपनी सहेली के घर जा रही थी। तीन लोगों ने उसे रास्ते में रोका और पेट्रोल डालकर आग लगा दी। तीनों आरोपी फरार हैं। छात्रा को आग क्यों लगाई, अभी तक इसकी कोई वजह सामने नहीं आई है।

### राहुल गांधी पर वाराणसी कोर्ट में केस चलेगा

# सिखों पर अमेरिका में बयान दिया था, पूर्व प्रधान की याचिका स्वीकार

**वाराणसी,एजेंसी।** वाराणसी में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ केस चलेगा। वाराणसी की स्क्क्स्र कोर्ट ने सोमवार को पूर्व प्रधान की ओर से दायर याचिका स्वीकार कर ली। राहुल गांधी पर अमेरिका में सिखों पर भड़काऊ भाषण देने का आरोप है। कोर्ट में यह याचिका तिलमापुर के पूर्व प्रधान नागेश्वर मिश्रा ने दायर की थी। वाराणसी के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की कोर्ट ने 28 नवंबर, 2024 को उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद उन्होंने स्क्क्स्र कोर्ट ने याचिका दाखिल की, जिसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया।

अब जज यजुवेंद्र विक्रम सिंह की कोर्ट में अगली तारीख पर सुनवाई शुरू होगी।

**सिख सम्प्रदाय के लोगों की भावनाएं आहत** :सारनाथ थाना क्षेत्र के तिलमापुर में रहने वाले पूर्व ग्राम प्रधान नागेश्वर मिश्र ने स्क्क्स्र कोर्ट में राहुल गांधी के खिलाफ याचिका दाखिल की।

याचिका में नागेश्वर मिश्र ने बताया कि पिछले दिनों कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने अमेरिका



दौरे पर भड़काऊ बयान दिया था। इस बयान से सिख सम्प्रदाय के करोड़ों लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं। राहुल ने कहा था कि भारत में सिखों को पगड़ी और कड़ा पहनने का अधिकार नहीं है। ना ही उन्हें गुरद्वारा में जाने की इजाजत है। इस बयान का खालिस्तानी आतंकवादी गुरुवंत सिंह पन्नू ने भी समर्थन किया है। उनके बयान से यह लगता है कि उनका मिशन भारत में गृहयुद्ध भड़काने का है। पूर्व प्रधान की ओर से कोर्ट में एडवोकेट विवेक शंकर तिवारी और अलख राय ने दलीलें पेश कीं। सरकारी वकील के तौर पर एडीजीसी विनय कुमार सिंह ने पक्ष रखा। अभियोजन की ओर से कोर्ट में मामले में अब तक की कार्यवाही पेश की।

### राहुल ने कहा था- सिखों को चिंता है कि क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे

10 सितंबर, 2024 को अमेरिका में राहुल ने कहा था- भारत में सिख समुदाय के बीच इस बात की चिंता है कि उन्हें पगड़ी, कड़ा पहनने की इजाजत दी जाएगी या नहीं? क्या वे गुरुद्वारे जा सकेंगे? ये चिंता सिर्फ सिखों की नहीं, बल्कि सभी धर्मों के लिए है। देश सबका है, यह BJP नहीं मानती। BJP को समझ में नहीं आता कि यह देश सबका है। भारत एक संघ है। संविधान में साफ लिखा है। भारत एक संघ राज्य है, जिसमें विभिन्न इतिहास, परंपराएं, संगीत और नृत्य शामिल हैं। BJP कहती है कि ये संघ नहीं है, ये अलग है। RSS भारत को नहीं समझती। RSS कहती है कि कुछ राज्य दूसरे राज्यों से कमतर हैं। कुछ भाषाएं दूसरी भाषाओं से, कुछ धर्म दूसरे धर्मों से, कुछ समुदाय दूसरे समुदाय से कम हैं।

# बोइंग ने भारत को तीन अपाचे हेलिकॉप्टर सौंपे, सेना की बढ़ेगी ताकत; जानें इसकी खासियत

**नई दिल्ली,एजेंसी।** दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टर अपाचे भारतीय वायुसेना की ताकत में इजाफा करेगा। बोइंग कंपनी द्वारा निर्मित अपाचे हेलीकॉप्टर भारत आ गए हैं। भारतीय सेना ने बताया कि अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर की डिलीवरी हो गई है। भारतीय सेना इन हेलीकॉप्टरों को जोधपुर में तैनात करेगी। हालांकि, यह आपूर्ति करीब 15 महीने की देरी के बाद की गई है। आइए जानते हैं क्या है अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर की खासियत...।

**क्या है अपाचे लड़ाकू हेलीकॉप्टर** :अपाचे दुनिया का सबसे उन्नत लड़ाकू हेलीकॉप्टर है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। अमेरिकी रक्षा दिग्गज कंपनी बोइंग द्वारा निर्मित यह हेलीकॉप्टर आधुनिक संचार, नेविगेशन, सेंसर और हथियार प्रणाली से लैस है। यह एक नाइट विजन एयरक्राफ्ट है। साथ ही पायलटों को दिन और रात दोनों



स्थितियों में लक्ष्यों की पहचान करने और उन पर हमला करने में मदद करता है। इसके जरिये बारिश, धूल या कोहरे के कारण खराब दृश्यता में भी हमला किया जा सकता है। बोइंग के मुताबिक अपाचे 21 हजार फीट की ऊंचाई तक 280 किमी प्रतिघंटे की अधिकतम रफ्तार से उड़ान भर सकता है। इसमें 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर मिसाइल छोड़ने की क्षमता है। इसमें 30 मिलीमीटर की दो गन हैं, जिनमें एक बार में 1,200 गोलियां भरी जाती हैं। अपाचे में 16 एंटी टैंक एजीएम-114 हेलफायर और स्ट्रिंगर मिसाइल लगी होती हैं। हेलफायर मिसाइल किसी भी आर्मर्ड व्हीकल जैसे टैंक, तोप, बीएमपी वाहनों को पल भर में उड़ा सकती है।

**2015 में हुआ था समझौता** :भारत ने 2015 के एक समझौते के तहत भारतीय वायु सेना के लिए 22 अपाचे हेलीकॉप्टर खरीदे थे। इसके बाद फरवरी 2020 में भारत ने बोइंग से 60 करोड़ डॉलर के सौदे में छह AH-64E अपाचे की खरीद को मंजूरी दी थी। अब भारत को मिले अपाचे हेलीकॉप्टर भारतीय सेना की एविएशन कोर के लिए हैं। अपाचे वर्तमान में संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, इस्राइल, मिस्त्र जैसे देशों की सेनाओं में इस्तेमाल किए जाते हैं।

# मिजोरम में फ्यूल संकट-हाईवे खराब इसलिए ऑयल टैंकर्स हड़ताल पर

### 70प्रतिशत पंप सूखे; रोजमर्रा के सामान की सप्लाई भी रुकी, नतीजा जरूरी सामान महंगा

**आइजोल,एजेंसी।** मिजोरम में तीन दिन से जारी ऑयल टैंकर ड्राइवर की हड़ताल से सोमवार को राजधानी आइजोल समेत राज्य के 70% पेट्रोल पंप ड्राई हो गए। राज्य सरकार ऑयल टैंकर्स एसोसिएशन से लगातार बातचीत कर रही है। हालांकि, एसोसिएशन का कहना है कि टूटी सड़कों से टैंकर्स नहीं ला सकते। हड़ताल के चलते राज्य में पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ रोजमर्रा के सामान की सप्लाई भी ठप पड़ गई है। इसके चलते हर जरूरी सामान दोगुनी कीमत में मिल रहा है। आइजोल में सभी सब्जियां 100 से 150 रुपए प्रति किलो से ऊपर बिक




रही हैं। एक लीटर दूध का दाम भी 110 से 160 रुपए के बीच है। 50 रुपए किलो वाला में बिकने वाला चावल 75 रुपए में बिक रहा है। आइजोल और लुंग्लेई में स्कूल की बसें बंद कर दी गई हैं। बच्चे पैदल स्कूल जा रहे हैं या फिर स्कूलों ने छुट्?टी कर दी है।

रोज 60 टैंकर 4-8 लाख लीटर फ्यूल सप्लाई करते हैं राज्य में इंडियन ऑयल कार्पोरेशन लिमिटेड , भारत पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लिमिटेड के रोज कुल 60 से ज्यादा टैंकर पहुंचते हैं। ये 100 पेट्रोल पंपों पर करीब 4-8 लाख लीटर पेट्रोल-डीजल की सप्लाई करते हैं। राजधानी आइजोल में 25 फ्यूल पंप हैं।

## गोल्डन टेंपल को 9 धमकियों के बाद एयरपोर्ट को थ्रेट :अमृतसर में ई-मेल भेज कहा-बम से उड़ाएंगे ; धमकी का पैटर्न पहले जैसा ही

**अमृतसर,एजेंसी।** पंजाब में गोल्डन टेंपल को 9 धमकी भरी ई-मेल्स के बाद अब शरारती तत्वों ने अमृतसर एयरपोर्ट को निशाना बनाया है। बीते दिन अमृतसर के श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट को एक ई-मेल भेजी गई। जिसमें बम से उड़ाने की बात कही गई। हैरानी की बात है कि इस ई-मेल का पैटर्न भी वैसा ही था, जैसा गोल्डन टेंपल को भेजी गई धमकियों का था। स्पष्ट है कि ये भी वही ग्रुप है, जो पहले गोल्डन टेंपल को थ्रेट भेज रहा था। ई-मेल मिलने के बाद अमृतसर एयरपोर्ट पर सुरक्षा को बढ़ा दिया गया है। वहीं पुलिस ने भी एयरपोर्ट अथॉरिटी से जानकारी मिलने के बाद मामला दर्ज कर लिया है और साइबर सैल को इस मामले की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही इस मामले को सुलझा लिया जाएगा।


# सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** मांझी के दलन सिंह उत्क्रमित उच्च विद्यालय में मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के तहत सर्वाइकल कैंसर से बचाव को लेकर एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के चिकित्सा प्रभारी डॉ रोहित कुमार के निर्देश पर स्वास्थ्य प्रबंधक राम मूर्ति,प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी विभा रानी,रवीन्द्र कुमार प्रचार्य,यूनिसेफ की नुसरत जहाँ तथा डब्लू एच ओ के मोनिटर मंटू सिंह की देखरेख में 40 छात्राओं का टीकाकरण किया गया। इस अवसर पर डॉ कुमार ने बताया कि 9 से 14 वर्ष तक के उम्र की बच्चियों को टीका लगेगा। उन्होंने बताया कि टीका लगाने का उद्देश्य महिलाओं की बच्चेदानी के कैंसर से बचाव के लिए जरूर जानकारी दिया जाना है। विद्यालय से शुरू होकर यह टीकाकरण कार्यक्रम प्रखंड के हर गांव तक पहुंचेगी। उन्होंने बताया कि 9 वर्ष से 14 वर्ष तक की उम्र की बच्चियों को टीके लगेंगे। बच्चियों को टीके देकर उन्हें भविष्य के लिए सुरक्षित किया जा सकेगा। वैसी बच्चियां जिनका आधार नंबर उपलब्ध है वे टीका ले सकती हैं। इसके लिए अभिभावक की सहमति आवश्यक है।



## प्रिंस का शव घर पर पहुंचते ही मची चीख-पुकार

**दैनिक खोज खबर/भेल्दी (सारण)।** मां अम्बिका भवानी गंगा नदी के कर्मवारीपट्टी नमामि गंगा घाट पर सोमवार को स्नान करने के दौरान डूबे छात्र प्रिंस कुमार उर्फ गोलू का शव करीब 36 घंटे के बाद शकरपुर दियारा से बरामद कर लिया गया। बताते चले कि भेल्दी थाने के तकेया गांव के रविन्द्र राय के पुत्र प्रिंस कुमार उर्फ गोलू सावन महीने की दूसरी सोमवारी को अपने तीन चार साथियों के साथ जलाभिषेक करने के लिए मां अम्बिका भवानी आया था और इसी दौरान सभी जलाभिषेक करने के पूर्व पवित्र गंगा नदी में डूबने लगाने के लिए प्रवेश किया और अनियंत्रित होकर गहरे पानी में जा समाये।घाट पर मौजूद लोगों की तत्परता से तीन युवको को बचा लिया गया जबकि प्रिंस गंगा की तेज लहर में बह गया।घटना के करीब 36 घंटे के बाद उसका शव शंकरपुर दियरा से बरामद किया गया।पुलिस ने मंगलवार को शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया।



**पोस्टमार्टम से शव घर पर पहुंचते ही मची चीख-पुकार** - प्रिंस कुमार उर्फ गोलू का शव पोस्टमार्टम कराने के बाद मंगलवार को शव पहुंचते ही परिजनों में चीख-पुकार मच गई।पिता रविन्द्र राय मां फूलझरी देवी दहाड़ मारकर रोने लगे।भाई पिण्टु,चितरंजन व बहन प्रीति का रो-रोकर बुरा हाल था।छात्र प्रिंस की मौत के बाद तकेया व भेल्दी बाजार के लोग गम में डूबे हुए हैं।

## बोले प्रशांत किशोर : अपने 9वीं फेल बेटे को सीएम बनाना चाहते हैं लालू, आप अपने बच्चों के लिए करें वोट

### वादा : बिहार में देंगे 10-12 हजार की नौकरी, 60 साल से ऊपर वालों को पेंशन



**दैनिक खोज खबर/दरियापुर(सारण)।** जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर अपनी बिहार बदलाव यात्रा के तहत सोमवार को सारण के दरियापुर प्रखंड स्थित सुतिहार के दुर्गा उच्च विद्यालय मैदान में पहुंचे। उन्होंने एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए बिहार की राजनीति, रोजगार और शिक्षा व्यवस्था पर जमकर हमला बोला। प्रशांत किशोर ने खासतौर पर राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा- ÷बिहार के लोगों को लालू जी से यह सीखना चाहिए कि अपने बच्चों की कितनी चिंता करनी चाहिए। उनका बेटा 9वीं पास भी नहीं है, फिर भी वे उसे मुख्यमंत्री बनाना चाहते हैं। दूसरी ओर बिहार के पढ़े-लिखे नौजवान बीए, एमए करने के बाद भी रोजगार के लिए गुजरात-महाराष्ट्र की फैक्ट्रियों में मजदूरी कर रहे हैं।÷ उन्होंने लोगों से अपील की कि अब वोट जाति या मंदिर के नाम पर नहीं, बल्कि अपने बच्चों के भविष्य के लिए दें।

### 10-12 हजार की नौकरी, बुजुर्गों को पेंशन और बच्चों की स्कूल फीस सरकार देगी - पी के

प्रशांत किशोर ने सभा के दौरान जनता से कई बड़े वादे किए। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार बनती है तो- बिहार से बाहर काम कर रहे युवाओं को बुलाकर उन्हें 10-12 हजार रुपये मासिक की नौकरी बिहार में ही दिलाई जाएगी।दिसंबर 2025 से 60 साल से अधिक उम्र के हर पुरुष और महिला को 2000 रुपये मासिक पेंशन दी जाएगी।जब तक सरकारी स्कूलों की हालत नहीं सुधरेगी, तब तक 15 साल से कम उम्र के बच्चों की प्राइवेट स्कूल की फीस सरकार भरेगी।उन्होंने आगे कहा, ÷यह बिहार की आखिरी बदहाल छठ और दिवाली है। इसके बाद कोई भी युवा पलायन को मजबूर नहीं होगा। सभा में बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे और उन्होंने तालियों से प्रशांत किशोर के भाषण का समर्थन किया।

## सोनपुर रजिस्ट्री और नयागांव फीडर में आज सुबह 7:00 से 9:00 बजे तक विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित

### विद्युत चोरी करने के आरोप में एक उपभोक्ता के खिलाफ प्राथमिक दर्ज

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन नवीनीकरण के कारण आज सोनपुर पॉवर हाउस बरबटा से संचालित होने वाले दो फीडर रजिस्ट्री और नयागाव फीडर 22/7/2025 को सुबह 7 बजे से 9 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी जिसके अंतर्गत रजिस्ट्री बाज़ार,बड़बट्टा,गोला बाज़ार,दुधैला,जहांगीरपुर, भींनिक टोला, भरपुरा लालू यादव चौक, बाकरपुर, परमानंदपुर तक विधुत आपूर्ति वाधित रहेगी। जेई सुरज कुमार ने मंगलवार को यह भी बताया कि विद्युत चोरी करने के आरोप में एक उपभोक्ता के ऊपर सोनपुर थाने में प्राथमिक की दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि श्रीमति मिनी देवी, पति जमुना प्रसाद, ग्राम बरबट्टा, मां भगवती स्थान बरबट्टा मंदिर के पीछे, पो0 थाना-सोनपुर, के अवासीय क्षेत्र के जांच पड़ताल के दौरान पाया कि उपभोक्ता द्वारा बिना विद्युत बकाया राशि 17293/- रहने के कारण विभाग ने विधुत विच्छेद कर दिया था। इन्होने बिना भुगतान किए चोरी से विधुत का उपयोग कर रहा था। जिससे एनबीपीडीसीएल को लगभग 33510/- रूपये का नुकसान हुआ है। कुल 17,293 +33,510=कुल राशि 50,803/- (पचास हजार आठ सौ तीन रु0 मात्रा) की वसीयत की जानी है,इनके खिलाफ थाना में प्राथमिक की दर्ज की गई है।

### नवादा में 2 परिवारों में मारपीट, 8 लोग घायल्पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो युवक, हाथ टूटने से नहीं दे पाए एग्जाम

**नवादा,एजेंसी।** नवादा में दो परिवारों के बीच वर्चस्व को लेकर हुए संघर्ष में 8 लोग घायल हो गए। घटना में पुलिस भर्ती परीक्षा देने जा रहे दो युवक भी शामिल हैं। घटना उस समय हुई जब सुनील चौधरी और विकास कुमार परीक्षा की तैयारी के लिए कपड़े खरीदने गए थे। लौटते समय पुराने विवाद को लेकर दोनों परिवारों में झगड़ा शुरू हो गया।

इस दौरान एक परिवार के पांच सदस्य दिनेश चौधरी, बीना देवी, सुनील कुमार, विकास कुमार और काजल कुमारी घायल हुए। दूसरे परिवार के तीन सदस्य सनी कुमार, फंटूश देवी और राजा कुमार भी इस झगड़े में घायल हो गए।

**हाथ टूटने से नहीं दे पाया एग्जाम-** घायल सुनील चौधरी और विकास कुमार ने आरोप लगाया कि उन पर जानबूझकर हमला किया गया। उनका हाथ तोड़ दिया गया जिससे वे परीक्षा नहीं दे पाए। दूसरी तरफ, सनी कुमार का कहना है कि विरोधी पक्ष ने बिना वजह दबंगई दिखाते हुए मारपीट की। एक घायल व्यक्ति ने मारपीट का वीडियो भी जारी किया है।

## सोनपुर विधायक ने नयागांव में शहीद प्रभु साह स्मारक का किया उद्घाटन

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** सोनपुर प्रखंड के अंतर्गत नयागांव वहैरवा गाछी स्थित शहीद प्रभु साह स्मारक का अनावरण मंगलवार को भव्य समारोह के बीच किया गया। इस ऐतिहासिक क्षण का उद्घाटन बिहार सरकार के लोकप्रिय नेता एवं सोनपुर विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बिहार विधान परिषद सदस्य विनोद जायसवाल और मोरवा, समस्तीपुर के विधायक रणविजय साहू भी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रमुख मोहन शाह ने की, जबकि मंच संचालन महेश प्रसाद स्वर्णकार दिघवारा ने किया जबकि कार्यक्रम का धन्यवाद ज्ञापन मुखिया वीरेंद्र साह सिंघहि द्वारा किया गया। प्रतिमा अनावरण के उपरांत डॉ. रामानुज प्रसाद ने शहीद प्रभु साह के प्रति श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए कहा,कि ÷शहादत सबको नसीब नहीं होती। यह परम सौभाग्य है कि हमारे समाज की धरती ने ऐसे वीर को जन्म दिया।÷

विधायक रणविजय साहू ने कहा कि ÷इतनी चिलचिलाती धूप में भी भारी संख्या में लोगों की उपस्थिति इस बात का प्रमाण है कि समाज अपने शहीदों का कितना सम्मान करता है। यह हम सभी के लिए प्रेरणा है।सोनपुर के पूर्व प्रमुख मोहन शाह ने कहा कि सोनपुर के धरती शहीदों व देवताओं का स्थल हैं। अमर शहीद प्रभु शाह शहादत भारतीय शांति रक्षा सेना 53 इंजीनियर रेजीमेंट में देश के प्रति वफादारी का परिचय देते हुए 18 जुलाई 1988 को श्रीलंका में वीरगति को प्राप्त हुए थे। इनका जन्म 5.11.1964 की हुई थी। उपस्थित लोगों ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण का उन्हें नमन किया। नौजवानों ने देश की रक्षा व मान सम्मान के लिए आत्मसमर्पण करने की प्रण लिया। इस अवसर पर पशुपति साह (प्रमुख प्रतिनिधि, सोनपुर), विभिन्न पंचायत प्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं सैकड़ो की संख्या में आम जनता की उपस्थिति ने कार्यक्रम को ऐतिहासिक बना दिया। इस मौके पर मंच से शहीद की धर्मपत्नी सुखिया देवी उनकी बहू को अंग वस्त्र और माला पहनकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम ने न केवल शहीद प्रभु साह को सच्ची श्रद्धांजलि दी, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बन गया।

## रेल यात्रियों को सोनपुर स्टेशन पर किया गया जन-जागरुक




**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** पुरे देश मे विश्व मानव दुर्यव्यापार विरोधी दिवस के मध्यनजर चलाये जा रहे विशेष अभियान (15 जुलाई से 30 जुलाई) के तहत सोनपुर रेल मंडल के अंतर्गत मंगलवार को आरपीएफ प्रभारी निरीक्षक/सोनपुर के निर्देशानुसार उनि0 दिनेश कु. सिंह के साथ प्लेटफार्म ड्यूटी मे तैनात स्टॉफ प्र.आ. गुप्तेश्वर साह व नारायणी सेवा संस्थान/सारण के कार्यकर्त्ता भूपेन्द्र प्रसाद सिंह एवं उनकी टीम के द्वारा सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म सं. 2-3 एवं 4-5 पर बैनर लगाकर विश्व मानव दुर्यव्यापार विरोधी दिवस के बावत सोनपुर रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले यात्रियों को जागृत किया गया और उक्त के संबंध मे जारी हेल्पलाइन नंबर 1098 का इस्तेमाल और इसकी उपयोगिता के बारे मे विस्तृत से बताया गया ।

## वैशाली के वरिष्ठ पत्रकार रामनाथ विद्रोही के निधन पर सोनपुर में शोक सभा आयोजित

**दैनिक खोज खबर/ सोनपुर।** वैशाली जिले के गोरौल निवासी वरिष्ठ पत्रकार, लेखक एवं संपादक रामनाथ विद्रोही, के असामयिक मृत्यु की खबर सुनकर सोनपुर के पत्रकारों ने एक बैठक कर शोक सभा का आयोजन किया।बैठक की अध्यक्षता सोनपुर पत्रकार संघ के अध्यक्ष विश्वनाथ सिंह ने की। बैठक में उपस्थित पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों ने सबसे पहले 2 मिनट का मौन रखकर स्व0 विद्रोही के प्रति अपना शोक व्यक्त किया। सभी पत्रकारों ने मंगलवार को उनके व्यक्तित्व व कृतत्त्व पर प्रकाश डाला। इस दुःख की घटी में अध्यक्षीय संबोधन में विश्वनाथ सिंह ने कहा कि स्व रामनाथ विद्रोही कलम के धनी तथा जादुगर थे। स्व0 विद्रोही भारत के विभिन्न प्रातों के पत्रकारों को बुलाकर अपनी अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर पत्रकारों की कल्यणार्य योजना बनाकर सरकार से मांग करते थे। सोनपुर अनुमण्डल पत्रकार शंकर सिंह, अभय कुमार सिंह, सुनिल कुमार राय, पत्रकार संजीत कुमार, अवध किशोर शर्मा, नंदकिशोर शर्मा, मनीष कुमार, राजीव कु. सिंह, एस. पी. सिंह, विपिन कु. सिंह, वैभव सिंह, साक्षी कुमारी, छायाकार दमोदर, वरिष्ठ पत्रकार रवि-शंकर सिंह,सुरेन्द्र मानपुरी एवं ठाकुर, संग्राम ने रामनाथ विद्रोही केनिधन को अपूरणीय क्षति बताया। स्व विद्रोही पत्रकारिता के क्षेत्र में रहकर वे पत्रकारों की समस्याओं का निराकरण करने के लिए हमेशा संघर्ष करते रहते थे। सोनपुर से उनका विशेष लगाव था। वे अक्सर हाजीपुर से सोनपुर आकर यहां के पत्रकारों से मिलकर हाल-चाल पूछा करते थे। नये पत्रकार को दिशा निर्देश भी दिया करते थे।

## खड़ी ट्रक से टकराकर बाइक सवार दो कांवरियां जख्मी

**दैनिक खोज खबर/ मांझी(सारण)।** मांझी के समीप स्थित जय प्रभा सेतु पर सोमवार की देर शाम एक खड़ी ट्रक से टकराकर बाइक सवार दो कांवरिये बुरी तरह जख्मी हो गए जिन्हें राहगीरों ने उठाकर मांझी सीएचसी पहुंचाया। बाद में घायलों का इलाज कर रहे चिकित्सक ने एक को मृत घोषित कर दिया तथा दूसरे को चिंताजनक हालत में छपरा रेफर कर दिया। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार बेहतर चिकित्सा हेतु देर रात छपरा से पटना ले जाने के क्रम में दूसरे जख्मी ने भी दम तोड़ दिया। घटना जयप्रभा सेतु के दक्षिणी मुहाने पर पाया नम्बर चार और पांच के बीच की बताई जाती है। दोनों मृतक सारण जिले के लहलादपुर प्रखण्ड अंतर्गत दयालपुर गांव निवासी क्रमशः सुरेन्द्र मांझी के पुत्र दीपक कुमार मांझी उम्र 20 वर्ष तथा अनिल साह के पुत्र दीपक कुमार साह उम्र 21 वर्ष बताए जाते हैं। मिली जानकारी के मुताबिक दीपक कुमार साह जनता बाजार पर आलू प्याज की दुकान चलाता था जबकि दीपक मांझी किसी दूसरे प्रदेश में फैक्ट्री में प्राइवेट नौकरी करता था। परिजनों से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की शाम दो अलग अलग अपाची बाइक पर सवार होकर छह कांवरिये रिविलगंज के सेमरिया घाट पर जलभरी के उद्देश्य से अपने घर से निकले थे। इसी बीच किसी रिश्तेदार से मिलने के उद्देश्य से वे सभी यूपी की सीमा में बैरिया चले गए। बैरिया से वापसी के दौरान जयप्रभा सेतु पर एक ट्रक से ओवरटेक करते समय सेतु पर पहले से खड़ी दूसरी ट्रक से मृतकों की बाइक टकरा कर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई तथा दो बाइक सवार बुरी तरह जख्मी हो गए। जबकि तीसरा बाइक सवार ठोकर खाने के बाद छिटक कर दूर जा गिरा। हालांकि उसे मामूली चोट ही लगी। सूचना पाकर पहुंची मांझी थाना की पुलिस ने दीपक कुमार मांझी के शव को पोस्टमार्टम के लिए छपरा भेज दिया जबकि क्षतिग्रस्त बाइक को चांद दीयर पुलिस चौकी के पुलिसकर्मी किसी तरह उठा कर ले गए।

## सोनपुर रेलवे स्टेशन से लावारिस हालत में 70 पीस अंग्रेजी शराब बरामद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** सोनपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या तीन पर लावारिस हालत में प्लास्टिक के बोरे में रखें कुल 12.6 लीटर अंग्रेजी शराब को आरपीएफ पुलिस ने बरामद किया हैं। उक्त बात के जनकारी देते हुए आरपीएफ इंस्पेक्टर सुमन कुमारी ने मंगलवार को बतायी कि नई दिल्ली से नई जलपाईगुड़ी जाने वाली सुपरफास्ट एक्सप्रेस ट्रेन 12524 जो प्लेटफार्म नंबर तीन पर खड़ी थी। उस गाड़ी के खुलने के बाद लावारिस हालत में एक प्लास्टिक के बोरे में रखें अंग्रेजी शराब को पुलिस ने बरामद किया है। जिसमें 70 पीस 180 एमएल के कुल 12.6 लीटर अंग्रेजी शराब आफटर डार्क ब्लू व्हिस्की जिसका एक पीस का मूल्य 150/- हैं। कुल शराब का क़ीमत 10500/- हैं। सभी अंग्रेजी शराब यूपी के निर्मित हैं।

## 23 जुलाई राष्ट्रीय प्रसारण दिवस : आकाशवाणी का ऐतिहासिक सन्दर्भ

**विवेकानंद सिंह।**

**दैनिक खोज ख़बर/बलिया (उत्तर प्रदेश)।** वर्तमान समय में मनोरंजन, सूचनाओं, देश-विदेश की ख़बरों के अलावा तमाम अन्य जानकारियों के लिए टेलीविज़न, कम्प्यूटर, मोबाइल फ़ोन है, लेकिन एक समय ऐसा था जब उपरोक्त जानकारियों के लिए एक ही साधन उपलब्ध था - रेडियो, जो हर किसी के पास नहीं था। उन दिनों रेडियो या तो शहर के अमीर लोगों के पास था या गाँव के ज़मींदार, साहूकार या सरपंच के पास, लिहाज़ा रेडियो के शौकीन लोग बाबूओं के दालान में, किसी दुकान पर या फिर गाँव के चौपाल में बैठकर रेडियो सुना करते थे।आज राष्ट्रीय प्रसारण दिवस है, तो आइए! पुराभिलेखों के माध्यम से जानते हैं कि रेडियो का आविष्कार कब हुआ; ब्रिटिश भारत में रेडियो की शुरुआत कब हुई; भारत सरकार के अधीन संचालित सार्वजनिक क्षेत्र की रेडियो प्रसारण सेवा, यानी 98 वर्षीय आकाशवाणी (पहले एआईआर, यानी ऑल इण्डिया रेडियो) का जन्म कब और कहाँ हुआ आदि-इत्यादि।

इटलीनिवासी गुग्लिल्मो मार्कोनी ने अपने पूर्ववर्ती शोधकों एवं प्रयोगकर्ताओं के तकनीकों का उपयोग करके रेडियो का आविष्कार किया, जिसे 2 जुलाई, 1897 को पेटेंट किया गया। कालान्तर में तत्कालीन ब्रिटिश भारत में जून 1923 में बॉम्बे (अब मुम्बई) और कलकत्ता (अब कोलकाता) में रेडियो क्लब की शुरुआत हुई; इसी कालक्रम में गवर्नर-जनरल एण्ड वायसराय ऑफ़ इण्डिया, लॉर्ड इरविन ने 23 जुलाई, 1927 को बॉम्बे (अब मुम्बई) में इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग कम्पनी लिमिटेड के रेडियो स्टेशन का उद्घाटन किया और कहा ÷भारत प्रसारण के विकास के लिए विशेष अवसर प्रदान करता है। इसकी दूरियाँ और विस्तृत स्थान ही इसे एक आशाजनक क्षेत्र बनाते हैं। भारत के सुदूर गाँवों में ऐसे कई लोग हैं जो दिनभर का काम खत्म करने के बाद, समय की कमी महसूस करते हैं, और ऐसे कई अधिकारी और अन्य लोग भी होंगे जिनके कर्तव्य उन्हें दूर-दराज़ के इलाकों में ले जाते हैं,.... बेशक, कई घरों में ऐसे लोग भी होंगे जिनके सामाजिक रीति-रिवाज़ उन्हें घर के बाहर मनोरंजन में भाग लेने से रोकते हैं। इन सभी के लिए प्रसारण एक वरदान साबित होगा।.....÷। सारंग (रेडियो जयन्ती विशेषांक 07 जुलाई, 1957) में प्रकाशित, लेखक मामा वरेरकर के एक लेख और एच. आर. लूथरा की पुस्तक, इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग के विवरणानुसार बीबीसी की सहायता से स्थापित इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग कम्पनी लिमिटेड के कर्ताधर्ता सर इब्राहिम रहीमतुल्ला चिनाय तथा नेस वाडिया ने बीबीसी के पूर्व कर्मचारी एरिक सी. डंस्टन को कम्पनी का जनरल मैनेजर नियुक्त किया था।

प्रसार भारती एवं अन्य स्रोतों द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार 01 अप्रैल, 1930 को गवर्नमेंट ने इण्डियन ब्रॉडकास्टिंग कम्पनी लिमिटेड को अपने नियंत्रण में ले लिया और इसे डिपार्टमेंट ऑफ़ इण्डस्ट्रीज़ एण्ड लेबर के अधीन रखकर इण्डियन स्टेट ब्रॉडकास्टिंग सर्विस की शुरुआत की; 08 जून, 1936 से इसे ऑल इण्डिया रेडियो और 03 अक्टूबर, 1957 से आकाशवाणी कहा जाने लगा। इस बीच देश का विभाजन हुआ, जिसमें ऑल इण्डिया रेडियो के 09 स्टेशन (बॉम्बे, कलकत्ता, मद्रास, दिल्ली, लखनऊ, तिरुचिरापल्ली और लाहौर, पेशावर तथा ढाका) में से 3 पाकिस्तान में चल गया। कुछ दिनों बाद 26 जनवरी 1948 को निदेशक, बी.एस. (बाल सीताराम) मर्ढेकर की देखरेख में ऑल इण्डिया रेडियो, पटना का उद्घाटन हुआ; जिसके उद्घाटनकर्ता थे - तत्कालीन उप-प्रधानमन्त्री और गृह एवम् सूचना मन्त्रालय के प्रभारी, सरदार वल्लभभाई पटेल (बाद में भारतरत्न); उन्होंने अपने सम्बोधन में भारत सरकार की आठ-वर्षीय योजना का उल्लेख किया, जिसका उद्देश्य पूरे देश को बेहतर सुविधाएँ प्रदान करना है ताकि रेडियो की आवाज़ न केवल शहरों, बल्कि दूर-दराज़ के गाँवों तक पहुँच सके।......इस अवसर पर लोकगायिका विंध्यवासिनी देवी ने स्वरचित गीत, 'भइले पटना में रेडियो के शोर/ तनिक खोला सुनऽ सखियाँ..%. गाकर सुनाया था।




(फोटो : साभार इंडिया टुडे)

दहियावाँ टोला, छपरा (सारण) के रत्नेश कुमार सिंह ने बताया कि ये आकाशवाणी है, अब आप देश-विदेश की खबर सुनिए। वर्तमान समय में हम इस आवाज़ की ओर आकर्षित नहीं होते है, क्योंकि हमारे हाथों में मोबाइल है, लेकिन कुछ दिनों पहले समाचार, क्रिकेट मैच का सीधा प्रसारण, फिल्मी गानों पर आधारित विविध भारती, सिलोन (अब श्रीलंका) से प्रसारित बिनाका गीतमाला, जिसके उद्घोषक थे अमीन सयानी, रामेश्वर सिंह कश्यप द्वारा लिखित एवं हवामहल कार्यक्रम में प्रसारित नाटक लोहा सिंह, कृषि कार्यक्रम का चौपाल आदि के लिए हम रेडियो पर आश्रित थे, उन दिनों रेडियो हमारे दिनचर्या का एक हिस्सा था।

## एस.आई.आर: 90.36 प्रतिशत मतदाता सम्मिलित, अभी चार दिन और बाकी

### हर एक छूटे हुए मतदाता तक पहुंचने के लिए मिशन मोड में मुहिम जारी

**दैनिक खोज खबर/छपरा ।** सारण में अबतक 90.36 मतदाताओं के एन्यूमरेशन फॉर्म अपलोड हो चुके हैं। ÷हर योग्य व्यक्ति निर्वाचक सूची में शामिल हो÷ के ध्येय से जिले में गहन पुनरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। उक्त जानकारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी अमन समीर ने दी। उन्होंने बताया कि जिला में कुल 31 लाख 34 हजार 108 मतदाता हैं। अबतक कुल 28 लाख 31 हजार 840 मतदाताओं के गणना फॉर्म डिजिटाइज्ड किए गए जा चुके हैं। मात्र तीन लाख दो हजार 268 फॉर्म शेष हैं। इसमें से 55 हजार 23 मृत, 14 हजार 383 दोहरी प्रविष्टि, 57 हजार 336 स्थायी रूप से स्थानांतरित और 24 हजार 605 अनुपस्थित मतदाता अबतक बीएलओ द्वारा चिन्हित किए गए हैं और कार्य अभी जारी है। इस प्रकार मात्र एक लाख 50 हजार 921 गणना फॉर्म ही अपलोड होने शेष हैं।

**मिशन मोड में किया जा रहा है कार्य** –जिलाधिकारी श्री समीर ने कहा कि सारण में निर्वाचक सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण में पूरा चुनावी तंत्र मिशन मोड में काम कर रहा है। जिले के 3039 बीएलओ, 9117 वॉलंटियर्स, राजनीतिक पार्टियों द्वारा नियुक्त 6683 बूथ लेवल एजेंट और उनके जिला अध्यक्ष सभी साथ मिलकर फिल्ड में काम कर रहे हैं, ताकि एक अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली ड्राफ्ट निर्वाचक सूची में सभी योग्य मतदाता का नाम सम्मिलित हो जाए। अभी भी एन्यूमरेशन फॉर्म भरने में चार और दिन बाकी हैं। बचे हुए लगभग डेढ़ लाख मतदाताओं के सत्यापन के लिए प्रशासन यथासंभव कोशिश कर रहा है। सभी राजनैतिक दलों को छूटे हुए नामों के सूची विधानसभा वार की हार्ड और सॉफ्ट कॉपी हस्तगत करायी जा चुकी है। बीएलओ पहले ही तीन से भी अधिक बार घर- घर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर चुके हैं। छूटे हुए मतदाताओं से संपर्क करने के लिए उनका एक और दौरा सहित पूरे चुनावी तंत्र का संगठित प्रयास भी शुरू किया जा चुका है।

**अस्थायी प्रवासियों से किया जा रहा है संपर्क** – अस्थायी रूप से देश के विभिन्न भागों में गए बिहार के मतदाताओं को शामिल करने के लिए भी चुनाव आयोग देशव्यापी विज्ञापन सहित सभी संभव माध्यमों से उन्हें सूचित कर रहा है। इस काम में बीएलओ और बीएलए भी अपने स्तर पर ऐसे मतदाताओं से सम्पर्क कर रहे हैं। बचे हुए मतदाताओं को जोड़ने व एएसडी चिन्हित करने के लिए प्रत्येक बूथ पर बीएलओ और बीएलए की बैठक आयोजित करायी जा रही है।

**एक अगस्त को ड्राफ्ट प्रकाशन व 30 तक दावा आपत्ति** – उप निर्वाचन पदाधिकारी श्री जावेद एकबाल ने बताया कि एस.आई.आर आदेश के अनुरूप यदि एक अगस्त 2025 को प्रकाशित होने वाली प्रारूप निर्वाचक सूची में कोई भी नाम गलती से जुड़ गया हो या छूट गया हो, उसमें कोई त्रुटि हो तो उसे 30 अगस्त 2025 तक सुधारा जा सकता है। इसके लिए कोई भी निर्वाचक, राजनीतिक पार्टी या उनके द्वारा नियुक्त किए गए बूथ लेवल एजेंट, दावे आपत्तियां दर्ज करा सकते हैं।

### न्यूमेरिक

| | |
|---|---|
| कुल निर्वाचक( 24 जून 2025 तक) | 3134108 |
| डिजिटाइज्ड किए गए फॉर्म | 2831840 |
| सम्भवतः मृत | 55023 |
| सम्भवतः स्थायी रूप से स्थानांतरित | 57336 |
| दोहरी प्रविष्टि | 14383 |
| अनुपस्थित | 24605 |
| शेष निर्वाचक | 150921 |

## विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर बैठक की गई

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को मुख्य सचिव की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर सभी जिला के जिलाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक की गई।

गृह विभाग,मंत्रिमंडल सचिवालय, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, सामान्य प्रशासन विभाग, खेल विभाग, खान एवं भू-तत्व विभाग,परिवहन विभाग, सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव द्वारा सभी जिलों को योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया।

डॉ अम्बेडकर समग्र सेवा अभियान के तहत प्राप्त एवं लंबित आवेदनों के निष्पादन हेतु सभी जिलों एवं संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई का निदेश दिया गया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तहत अभियान बसेरा, म्युटेशन एवं परिमार्जन से संबंधित मामलों का प्राथमिकता से निष्पादन सुनिश्चित कराने को कहा गया।

परिवहन विभाग द्वारा संचालित मुख्यमंत्री ग्राम परिवहन योजना एवं मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के तहत निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप स्वीकृति प्रप्त लाभुकों से वाहन का क्रय कराकर सब्सिडी की राशि का भुगतान सुनिश्चित करने को कहा गया। खेल विभाग के तहत प्रमंडल स्तर खेलकूद के लिये संरचना के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने, प्रखंडों में स्टेडियम के निर्माण , जिला मुख्यालय में खेल भवन सह व्यायामशाला के निर्माण हेतु जमीन उपलब्ध कराने का निदेश सभी संबंधित जिलों को दिया गया।

## फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड द्वारा 21 अभ्यर्थियों का औपबंधिक चयन

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** मंगलवार को अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा द्वारा एक दिवसीय नियोजन शिविर का आयोजन अमनौर प्रखंड परिसर में किया गया। यह नियोजन शिविर सहायक निदेशक (नियोजन), सारण प्रमंडल, श्री भरत जी राम के निदेश से आयोजित कराया गया। इस शिविर में फ्यूज़न फाइनेंस लिमिटेड द्वारा रिलेशनशिप ऑफिसर एवं सीनियर रिलेशनशिप ऑफिसर के पदों पर नियुक्ति हेतु चयन प्रक्रिया संपन्न की गई।इस शिविर का उद्घाटन सुश्री पिंकी भारती, नियोजन पदाधिकारी, सारण द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने युवाओं को सरकारी नियोजनालयों के माध्यम से आयोजित किए जा रहे निःशुल्क रोजगार शिविरों की उपयोगिता के बारे में बताया और उन्हें सतर्क रहने की सलाह दी कि किसी भी दलाल या फर्जी संस्था के बहकावे में न आएँ।उन्होंने उपस्थित नौकरीप्रार्थियों को बाजार में उपलब्ध रोजगार के अवसरों की जानकारी दी तथा उन्हें यह प्रेरणा दी कि वे शीघ्रातिशीघ्र आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने का प्रयास करें।इस रोजगार शिविर में कुल 111 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 21 उम्मीदवारों का औपबंधिक रूप से चयन किया गया। चयन प्रक्रिया साक्षात्कार के माध्यम से की गई, जिसमें उम्मीदवारों की संवाद क्षमता, उत्पाद समझ, तथा प्रोफेशनल व्यवहार का मूल्यांकन किया गया। चयनित अभ्यर्थियों की पदस्थापना सीवान एवं गोपालगंज जिलों में की जाएगी। कार्यक्रम की सफलता में भरत जी राम, सहायक निदेशक (नियोजन), सारण प्रमंडल; सुश्री पिंकी भारती, नियोजन पदाधिकारी, सारण; कुदरतुल्लाह फ़राज़, प्रशिक्षु नियोजन पदाधिकारी; भरत भूषण, जिला कौशल प्रबंधक; तथा अवर प्रादेशिक नियोजनालय, छपरा के सभी सहकर्मियों एवं बीएसडीसी अमनौर के सभी सहयोगियों की सराहनीय भूमिका रही।

## पेट्रोल पंप कर्मी से 7 लाख की छिनतई, एसएसपी ने पीड़ित से पूछताछ व घटना स्थल का किया निरीक्षण

### एसएसपी ने कहा कहा- प्रथम दृष्टया घटना संदिग्ध, पुलिस टीम कर रही जांच

**दैनिक खोज खबर/एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी रेलवे ओवरब्रिज पर मंगलवार को अपराह्न तीन बजे के बाद एक बाइक सवार पेट्रोल पंप कर्मी से लगभग 7 लाख रुपये की छिनतई की घटना को अज्ञात बाइक सवार युवकों द्वारा अंजाम दिए जाने का कथित संदिग्ध मामला सामने आया है।



घटना की जानकारी मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। मिली जानकारी के अनुसार सिवान जिले के मैरवा निवासी पेट्रोल पंप के संचालक मुकेश कुमार यादव के सारण जिले के मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के रामनगर निवासी ब्रजेन्द्र किशोर श्रीवास्तव नामक एक पेट्रोल पंप कर्मी ने एकमा थाना पुलिस को बताया कि मोटरसाइकिल सवार दो अज्ञात बदमाशों ने एकमा थाना क्षेत्र के आमडाढ़ी रेलवे ओवर ब्रिज के पश्चिमी किनारे तरफ छपरा से सिवान की तरफ जाने के दौरान उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी और गिराने के बाद बैग में रखे 7 लाख रुपये रखा बैग छीनकर फरार हो गए। वारदात की सूचना मिलते ही एसएसपी डॉ. कुमार आशीष, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एकमा) राजकुमार, पुलिस निरीक्षक सह एकमा थानाध्यक्ष उदय कुमार, एसआई संजीव कुमार घटनास्थल पहुंचे और पीड़ित के साथ-साथ आसपास मौजूद राहगीरों से पूछताछ की। मामले में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ कुमार आशीष ने कहा कि घटना प्रथम दृष्टया संदिग्ध प्रतीत हो रही है और सभी पहलुओं की बारीकी से जांच की जा रही है।उन्होंने संबंधित अधिकारियों को त्वरित जांच कर दोषियों को गिरफ्तार करने के निर्देश दिए हैं। एसएसपी डॉ आशीष ने एकमा थाना परिसर में कहा कि अपराधियों की जल्द पहचान कर सख्त कार्रवाई की जाएगी। एकमा थाना पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है।

## आज से बेल्ट्रॉन कर्मी रहेंगे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर, मांगे नहीं मानी तो नहीं लौटेंगे काम पर

### डाटा एंट्री ऑपरेटरों की हड़ताल से शिक्षा विभाग के कामकाज प्रभावित होने की आशंका

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** शिक्षा विभाग के विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत बेल्ट्रॉन के डाटा एंट्री ऑपरेटर 23 जुलाई से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाने वाले हैं। यह निर्णय राज्यस्तरीय ÷डाटा इंट्री ऑपरेटर एकता मंच÷ (गोप गुट) के आह्वान पर लिया गया है। इसी क्रम में जिले के सभी डाटा एंट्री ऑपरेटरों ने जिला शिक्षा पदाधिकारी निशांत किरण को ज्ञापन सौंपकर हड़ताल की पूर्व सूचना दी। ऑपरेटरों की 11 सूत्रीय मांगों में प्रमुख रूप से सेवा की नियमितता, पदस्थापन स्थायित्व, कार्य अवधि के आधार पर पुनर्नियोजन, समय पर मानदेय भुगतान, सेवा के दौरान मृत्यु की स्थिति में आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति जैसी मांगें शामिल हैं। मांगपत्र में यह भी कहा गया है कि वर्ष 2018 एवं 2019 में जारी पत्रों के आलोक में उन्हें संबंधित कार्यालयों में बिना शर्त पदस्थापित किया जाए। इस संबंध में अमित कुमार, आकाश कुमार, रवि कुमार, एकराम अली समेत अन्य ऑपरेटरों ने कहा कि वर्षों से लगातार कार्य करने के बावजूद सरकार उनके भविष्य को लेकर उदासीन है। कई बार पत्राचार और ज्ञापन देने के बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं हुई है। ज्ञापन में साफ कहा गया है कि जब तक उनकी सभी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक सभी डाटा एंट्री ऑपरेटर हड़ताल पर रहेंगे। इस हड़ताल से जिला शिक्षा कार्यालय, आरडीडीई कार्यालय, बीईओ कार्यालय, योजना इकाई, छात्रवृत्ति, विद्यालय पोर्टल अपडेट, शिक्षकों की उपस्थिति रिपोर्ट, परीक्षा डेटा फीडिंग सहित कई महत्वपूर्ण कार्य प्रभावित हो सकते हैं।शिक्षा विभाग की डिजिटल गतिविधियां पूरी तरह से इन बेल्ट्रॉन कर्मियों पर निर्भर हैं। ऐसे में उनके हड़ताल पर जाने से कार्यालयों का सामान्य संचालन ठप होने की आशंका है।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने हड़ताल की सूचना सभी संबंधित अधिकारियों तक पहुंचा दी है और वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर विचार शुरू कर दिया है। हालांकि, ऑपरेटरों ने चेतावनी दी है कि जब तक उनकी मांगें नहीं मानी जातीं, वे काम पर नहीं लौटेंगे।

## योगियां हाईस्कूल से प्रधानाचार्य बने और स्थानांतरित शिक्षकों को भावपूर्ण दी गई विदायी



**दैनिक खोज खबर/ रसूलपुर(एकमा)।** थाना क्षेत्र की असहनी पंचायत के योगियां हाईस्कूल में सहायक शिक्षक से बीपीएससी से प्रधानाचार्य बने शिक्षकों को समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया. प्रधानाचार्य बने शिक्षक श्यामबाबू राम ,राजेंद्र प्रसाद व कृतमाला यादव को अंगवस्त्र देकर सम्मानित करते हुए प्रधानाध्यापक लाल बाबू यादव ने कहा कि इन शिक्षकों के कारण हीं विद्यालय का मान सम्मान बढ़ा है. वहीं प्रधानाचार्य बने शिक्षकों ने कहा कि आर एन हाईस्कूल योगियां का उनके जीवन में अद्वितीय योगदान है, जिसे वे जहां रहेंगे याद करेंगे. समारोह में स्थानांतरित हुए शिक्षक सुनील राम,सुरेंद्र मांझी,संगीत शिक्षिका अर्चना मिश्रा को भी सम्मानित किया गया. समारोह का संचालन विज्ञान शिक्षक राकेश तिवारी ने किया. धन्यवाद ज्ञापन कंप्यूटर शिक्षक अतुल कुमार ने किया. विद्यालय की छात्राएं संगीत शिक्षिका अर्चना के साथ मिल विदाई गीत और कजरी गीतों की प्रस्तुति कर उपस्थित लोगों को भाव विभोर कर दिया. मौके पर वरिष्ठ शिक्षक रामेश्वर गोप ,उमेश पांडेय, कुमार प्रिंस,विकास उपाध्याय ,धर्मेन्द्र तिवारी, दीपक कुमार ,पूर्णिमा ,सुमन यादव ,श्रेया ,कुसुम ,राहुल कुमार यादव,लूसी,दुर्गेशनंदिनी , बृजकिशोर पासवान, राहुल गुप्ता , विजय कुमार गुप्ता, आसिफ इकबाल मो. इरशाद,हर्षवर्धन यादव ,राजकुमारी, आदि शिक्षकों के साथ लेखापाल दिनेश दूबे,उदय शंकर,शिवकुमार यादव ,जितेंद्र मिश्रा,विनय यादव आदि उपस्थित रहे.

## विजयादशमी समारोह समिति के मुख्य परामर्शी अधिवक्ता अवधेश्वर सहाय के असामयिक निधन से शोक की लहर

**दैनिक खोज खबर/छपरा।** विजयादशमी समारोह समिति के मुख्य परामर्शी अधिवक्ता अवधेश्वर सहाय के असामयिक निधन से शोक की लहर। विजयादशमी समारोह समिति के अध्यक्ष सलीम परवेज, कार्यकारी अध्यक्ष वरूण प्रकाश, महामन्त्री विभूति नारायण शर्मा, उपाध्यक्ष मदन मोहन सिंह, श्याम बिहारी अग्रवाल, सत्य प्रकाश यादव, पूर्व प्राचार्य अरूण कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह, प्रकाश वर्मा, मनोज वर्मा संकल्प, सैयद जफर अब्बास रिजवी, कार्यकारी महामन्त्री राजेश फैशन, सचिव ददन गिरि, कोषाध्यक्ष ओमप्रकाश श्रीवास्तव, अंकेक्षक पवन कुमार अग्रवाल, प्रेस प्रवक्ता सुनील कुमार सिंह, संगठन सचिव शंकर देव सिंह, तकनिकी सचिव ब्रजकिशोर रजक, आनंदी शर्मा, सहायक सचिव चन्द्र कान्त द्विवेदी, राजीव रंजन, मनीष कुमार, भाग्यराज, अमितेश्वर सहाय, संयुक्त सचिव अली राशिद, शशिभूषण प्रसाद, शिव जी कुमार यादव, युवराज गोस्वामी, डॉक्टर राज नाथ सिंह, सत्य प्रकाश गुप्ता, संतोष कुमार सिंह, आयुषराज आदि ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।



## गुणवत्तापूर्ण निर्माण नहीं होने से नाराज ग्रामीणों ने किया हंगामा

**गोरेयाकोठी (सिवान)।** प्रखंड के जगदीशपुर में हो रहे सड़क निर्माण में प्राक्कलन के अनुसार काम नहीं होने व नियमों की अनदेखी से नाराज लोगों ने मंगलवार को हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि पीसीसी सड़क की ऊंचाई कम रखी जा रही है। साथ ही सरिया का प्रयोग भी न के बराबर किया जा रहा है। इस दौरान ग्रामीण काफी भड़के दिखे। ग्रामीणों ने कहा कि इस तरह के निर्माण से सड़क अधिक दिनों तक सही स्थिति में नहीं रह सकती है। साथ ही वाहन चालकों को भी परेशानी होगी। ग्रामीणों ने करीब तीन घंटे तक हंगामा किया। बाद में संवेदक से बातचीत व बुद्धिजीवी लोगों के समझाने के बाद लोग शांत हुए।

## घर-घर जाकर स्वच्छता के प्रति जागरूक करेंगे स्वच्छता पर्यवेक्षक

**हुसैनगंज (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय में मंगलवार को बीडीओ राहुल कुमार एवं प्रखंड कोआर्डिनेटर रजनीश कुमार के नेतृत्व में प्रखंड के 15 पंचायतों के सभी 15 स्वच्छता पर्यवेक्षकों को स्वच्छ सर्वेक्षण ग्रामीण 2025 एप के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। बीडीओ ने निर्देश दिया कि सभी स्वच्छता पर्यवेक्षक घर- घर जाकर सभी ग्रामीणों को एसएसजी 25 एप के माध्यम से स्वच्छता संबंधित जानकारियों से अवगत कराएंगे। इसके लिए मोबाइल पर प्ले स्टोर से एसएसजी 25 एप डाउनलोड करना होगा, उसके बाद 13 विकल्प आएंगे जिसे चिह्नित कर सबमिट करना है। इससे सरकार को ग्रामीण क्षेत्रों के स्वच्छता से संबंधित समस्याओं की जानकारी तुरंत मिल जाएगी। इस अवसर स्वच्छता पर्यवेक्षक मृत्युंजय कुमार, शैलेंद्र कुमार, मोहित कुमार, वारिस अली एवं विनोद कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

## जीएनएम को जान से मारने ने धमकी, 11 लाख की ठगी मामले में कराई प्राथमिकी

**महाराजगंज (सिवान)।** प्रखंड के बलिया अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित जीएनएम अमृता भारती ने थाना में आवेदन देकर एमएच नगर थाना क्षेत्र के महुअल महाल निवासी अजय कुमार यादव पर जान से मारने, 11 लाख रुपये की ठगी करने और गाली गलौज करने का आरोप लगा प्राथमिकी कराई है। आवेदन में कहा है कि वर्तमान में मैं महाराजगंज के सिहौता बाजार में रहती हूं। मेरा पहला पोस्टिंग जहां पर हुआ था वहीं पर अरुण कुमार यादव का निजी क्लिनिक था। वह हमको रोज फोन कर के धमकी देता है कि मैं तुमको वहां नहीं रहने दूंगा और जान से मार देंगे। तुम्हारा प्राइवेट फोटो और वीडियो रखे हुए हैं। वह 20 जुलाई को बलिया अतिरिक्त पीएचसी पर पहुंच कर धमकी देने लगा और कहा कि बाहर निकलने पर तुमको देख लूंगा। मैं सुबह ड्यूटी कर रूम पर जाने के लिए निकली तो वह जबरदस्ती अपनी गाड़ी पर बैठाने लगा। मैं किसी तरह वहां से भाग कर रूम पर पहुंची तो यह रूम पर भी पहुंच कर दरवाजा पीटने लगा तथा गाली देने लगा।

## सांसद ने रेल मंत्री से मुलाकात कर ढाढ़स बंधाया

**महाराजगंज (सिवान)।** स्थानीय सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर मंगलवार को मिलकर उनके पिता दाऊ लाल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है तथा इस दुख की घडी को सहने के लिए उन्हें साहस देने के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। ज्ञात हो कि रेल मंत्री के पिता दाऊ लाल का निधन लंबी बीमारी के बाद आठ जुलाई को राजस्थान के जोधपुर स्थित एम्स में हो गया था।

## भूमि विवाद को ले हुई मारपीट में आधा दर्जन घायल

**दारौंदा (सिवान)।** थाना क्षेत्र के कौथुआ सारंगपुर में मंगलवार को भूमि विवाद को ले दो पक्षों में हुई मारपीट में आधा दर्जन लोग घायल हो गए। सभी घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया। घायलों में देवेंद्र साह और रितु कुमारी, सुरेश साह की पत्नी रीना देवी, बलिस्टर साह की पत्नी मुनी देवी तथा उनकी पुत्री निधि कुमारी शामिल हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि विवाद पुराना है और पहले भी कई बार दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हो चुकी थी।

## दारौंदा के डेढ़ दर्जन विद्यालयों को मिले प्रधान शिक्षक

**दारौंदा (सिवान)।** प्रखंड के करीब डेढ़ दर्जन विद्यालयों को प्रधान शिक्षक मिले गए हैं। बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा चयनित करीब डेढ़ दर्जन प्रधान शिक्षकों ने मंगलवार को विभिन्न विद्यालयों में योगदान दिया। इस संबंध में बीईओ सौरभ सुमन ने बताया कि मंगलवार को प्राथमिक विद्यालय रंगरौली में वीणा कुमारी, प्राथमिक विद्यालय गरौली में सुशीला कुमारी, प्राथमिक विद्यालय नवलपुर में कुमारी अनीता, नया प्राथमिक विद्यालय चिंतामनपुर में बबन प्रसाद, नया प्राथमिक विद्यालय नंदू टोला में अमरेंद्र कुमार, नया प्राथमिक विद्यालय भर के मठिया में जानकी कुमारी सहित डेढ़ दर्जन से अधिक प्रधान शिक्षकों के योगदान किया। ये सभी नव नियुक्त प्रधान शिक्षक प्राथमिक विद्यालय एवं उच्च माध्यमिक विद्यालयों में योगदान किए हैं। उन्होंने बताया कि योगदान करने का तय समय 21 जुलाई से 26 जुलाई के बीच निर्धारित है। उन्होंने कहा कि प्रधान शिक्षकों के योगदान करने से विद्यालय संचालन में कमी को दूर की जा सकेगी।

## खेढ़वा माई पूजन स्थल पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था को मुखिया ने प्रशासन को लिखा पत्र

**भगवानपुर (सिवान)।** प्रखंड के खेढ़वा गांव स्थित काली पूजन एवं चार दिवसीय सावनी मेला के अवसर पर पेयजल एवं शौचालय की व्यवस्था को लेकर मुखिया शकुंतला देवी ने प्रशासन को पत्र लिखा है। उन्होंने नगर पंचायत महाराजगंज के कार्यपालक पदाधिकारी के पत्र लिखकर पेयजल हेतु दो पानी टंकी एवं दो स्वचालित शौचालय तथा साफ सफाई की व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने अपने पत्र में कहा है कि यह मेला नहीं बल्कि वार्षिक महोत्सव है। इसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु दूर-दराज से पूजा अर्चना करने तथा मन्नत पूरी होने पर चढ़ावा चढ़ाने आते हैं। इस पावन स्थल पर सुविधा की काफी कमी है। उन्होंने कहा है कि यह आयोजन 31 जुलाई से दो अगस्त तक रहता है।

## छह लाभुकों के बीच कबीर अंत्येष्टि योजना राशि का वितरण

**बसंतपुर (सिवान)।** प्रखंड के सूर्यपुरा पंचायत में मुखिया शांति देवी एवं पूर्व मुखिया डा. रामपारस राय मंगलवार को छह लाभुकों के बीच कबीर अंत्येष्टि योजना की राशि का वितरण किया गया। इस दौरान प्रत्येक लाभुक को तीन-तीन हजार रुपये का चेक प्रदान किया गया। इस मौके पर पंचायत सचिव चंदन कुमार, अमरेंद्र कुमार, नीरज कुमार, राजन कुशवाहा, वार्ड सदस्य अदालत मांझी आदि उपस्थित थे।

## बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन

**बड़हरिया (सिवान)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित बीआरसी परिसर में मंगलवार को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजीव कुमार पांडेय की देखरेख में बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर विषय पर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न विद्यालय के कक्षा छह से 12 तक के बच्चों ने भाग लिया। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि बदलते एवं प्रगतिशील बिहार की तस्वीर प्रतियोगिता में बच्चों ने पेंटिंग, निबंध पर परिचर्चा में अच्छे ढंग से प्रदर्शन किया। इसमें चयनित बच्चे 25 जुलाई को जिला स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि बिहार में पहले की सड़क, बिजली, अस्पताल, शिक्षा, स्वास्थ्य,जैसे विभिन्न विषयों पर परिचर्चा निबंध व पेंटिंग को बच्चों ने अच्छे ढंग से प्रस्तुत किया। यह प्रतियोगिता सरकार के निर्देश पर आयोजित की जा रही है। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा निखरेगी। इस प्रतियोगिता को ले बच्चों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। इस अवसर पर शिक्षक संघ के नेता जयप्रकाश गुप्ता, शिक्षक मनोज कुमार सिंह, शिव बच्चन यादव, संतोष कुमार, चंदन कुमार आदि उपस्थित थे।

# हत्याकांड के मामले में देवर-भाभी दोषी करार

**परवेज अख्तर/सीवान।** अगल-बगल से निकलने वाले रास्ते को लेकर हुए विवाद में फायरिंग और हत्या से जुड़े मामले में अपर जिला न्यायाधीश दशम राजेश कुमार त्रिपाठी की अदालत ने मंगलवार को मामले के दो अभियुक्त देवर एवं भाभी को दोषी करार दिया है। अभियोजन की ओर से बहस करने वाले अपर लोकअभियोजक अक्षय लाल यादव से मिली जानकारी के मुताबिक अदालत ने अभियुक्त दिलीप यादव एवं उनकी भाभी गीता देवी को भादवि की धारा 302 , 307 एवं आर्म्स एक्ट के अंतर्गत दोषी पाया है। अदालत सजा की बिंदु पर 29 जुलाई को सुनवाई कर अभियुक्तों को सजा सुनाएगी। बताया जाता है कि मैरवा थाना अंतर्गत छोटका मांझा निवासी दिलीप यादव एवं कृष्ण यादव का मकान है। दोनों के मकान के बीच से गंवई सड़क निकलती है। मकान से निकलने वाले छज्जे को लेकर विवाद 12 जनवरी 2019 की सुबह में सात बजे आरंभ हो गया और बात बढ़ती गई। इसी पर हाथापाई भी हुई। तत्पश्चात दिलीप यादव एवं उसके अन्य सहयोगियों ने कृष्ण यादव, धर्मेंद्र यादव एवं धर्मेंद्र यादव के भतीजा मनु यादव पर बंदूक से हमला कर दिया। फायरिंग की घटना में धर्मेंद्र यादव का बड़ा भाई कृष्ण यादव की मौके पर मौत हो गई जबकि भतीजा मनु यादव गंभीर रूप से घायल हो गया। धर्मेंद्र यादव के बयान पर दिलीप यादव, उसकी भाभी गीता देवी एवं अन्य सात अभियुक्तों के विरुद्ध मैरवा थाने में प्राथमिक की कांड संख्या 9/19 कराई गई थी। मामले के अन्य अभियुक्त घटना के समय से ही फरार हैं जबकि घटना के समय से ही दिलीप यादव जेल में बंद है।मामले में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता शंभू सिंह ने बहस किया।दोनों पक्षों के बहस सुनने के पश्चात अदालत ने दोनों अभियुक्तों को दोषी कर दिया है।

## बिहार सरकार में एएनएम पद पर चयनित छात्राओं को मिला सम्मान

**सिवान।** शहर के महादेवा रामदेव नगर में शुभवंती सुदामा राय फाउंडेशन के अंतर्गत संचालित शुभवंती इंस्टीट्यूट आफ हेल्थ एजुकेशन एएनएम ट्रेंनिंग स्कूल परिसर में रविवार को सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें उन सभी छात्राओं को उपहार और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिनका चयन बिहार तकनीक सेवा आयोग के माध्यम से एएनएम पद के लिए बिहार के विभिन्न जिलों में किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि संस्था के पूर्व प्राचार्य शकीलुर रहमान ने छात्राओं को संबोधित करते हुए ईमानदारी और निष्ठा से कार्य करने का संदेश दिया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और उन्हें बधाई दी। वहीं शिक्षक डा. मनीष पांडेय ने छात्राओं को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए छात्राओं को समाज में स्वास्थ्य सेवा को और बेहतर बनाने में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। ज्ञात हो कि संस्था से करीब 40 से अधिक छात्राओं का चयन एएनएम पद हेतु किया गया है। इससे संस्था के सभी सदस्यों में खुशी का माहौल है। इस कार्यक्रम का प्रबंधन संस्था की व्यवस्थापक सोनी राय द्वारा किया गया। इस मौके पर सुनीता कुमारी, पुनीता कुमारी, पूजा राय, पुनीता कुमारी, रंजू कुमारी, अनुराधा कुमारी आदि उपस्थित थीं।

# 251 बच्चियों को लगाया गया एचपीवी टीका

**सिवान।** राज्य सरकार द्वारा संचालित मुख्यमंत्री बालिका कैंसर प्रतिरक्षण योजना के अंतर्गत मंगलवार को सदर प्रखंड के डीएवी मध्य विद्यालय, कस्तूरबा आवासीय विद्यालय व नौतन विद्यालय की 251 बच्चियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान करने हेतु एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) टीके लगाएं गए। इस अवसर पर जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी डा. अरविंद कुमार ने सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में एचपीवी टीकाकरण की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किशोरावस्था में यह टीका विशेष रूप से प्रभावी होता है। बताया कि सदर प्रखंड के डीएवी मध्य विद्यालय एवं कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में 48 छात्राओं को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस दूसरा डोज एवं 36 बच्चियों को पहला डोज का टीका लगाया गया। यह टीकाकरण कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग द्वारा संचालित किया गया। टीकाकरण सदर प्रखंड के डा. सत्येंद्र कुमार के नेतृत्व में किया गया। बताया कि नौतन प्रखंड में वीसीसीएम के यूएनडीपी मनोज कुमार के नेतृत्व में 167 बच्चियों को प्रथम डोज से टीकाकृत किया गया। अभिभावकों एवं विद्यालयों से आग्रह किया गया है कि वे इस अभियान में सहयोग करें और बालिकाओं को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें, ताकि राज्य में सर्वाइकल कैंसर के मामलों में कमी लाई जा सके। एएनएम रंजू कुमारी के द्वारा टीकाकरण किया। इस अवसर पर सदर प्रखंड के स्वास्थ्य प्रबंधक गुलाम रब्बानी, डाटा सहायक अशोक कुमार शर्मा, बीसीएम अर्चना गिरी, यूनिसेफ के बीएमसी जावेद व मुकेश कुमार उपस्थित रहे।

## समाज में धन-बल की नहीं आचरण की होती है पूजा : आचार्य मधुसूदन महाराज

**सिवान।** शहर के महादेवा स्थित कलावती मैरेज हाल में चल रहे नौ दिवसीय शिव महापुराण कथा के सातवें दिन सोमवार की शाम वृंदावन धाम से पधारे कथावाचक आचार्य मधुसूदन सावन महाराज ने जलंधर के प्रसंग की कथा सुना श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। उन्होंने बताया कि आप चाहे कितना भी बलवान हो जाओ, लेकिन अगर आपका आचरण शुद्ध नहीं है तो आपकी वंदन नहीं होती निंदा ही होगी। समाज में धन, बल की पूजा नहीं होती। उन्होंने कहा कि यदि आपके पास धन, बल होगा तो लोग आपसे डरेंगे, लेकिन हृदय से आपकी प्रतिष्ठा नहीं करेंगे। समुद्र मंथन का प्रसंग के माध्यम से उन्होंने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि समाज में जब आप अच्छा कार्य करने जाएंगे तो सबसे पहले सामाजिक व्यंग्य रूपी विष मिलेगा। जब आप उस व्यंग्य रूपी विष को किनारे कर देंगे और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करेंगे तो अमृत रूपी सफलता आपको प्राप्त होगी। इसलिए लोग क्या बोलते हैं उस पर चिंता नहीं चिंतन करते हुए अपने को सफल करने का प्रयास करें।

## जर्जर तार व ट्रांसफार्मर को बदलने की मांग को ले ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

**बड़हरिया (सिवान)।** थाना क्षेत्र के हरदोबारा पंचायत स्थित बभनबारा यादव टोला में जर्जर तार व ट्रांसफार्मर बदलने की मांग को लेकर मंगलवार को पंचायत समिति सदस्य जुनैद रिजवी के नेतृत्व में ग्रामीणों ने धरना-प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव का ट्रांसफार्मर करीब एक वर्ष पूर्व से जल चुका है। गांव में बिना ट्रांसफार्मर के ही सीधे बिजली की आपूर्ति की जाती है। गांव को जोड़ने वाली मुख्य सड़क पर 11000 वोल्ट के खुला तार गुजरा है जो काफी नीचे हो गया है। इससे गांव के अंदर जानेवाली गाड़ियों का परिचालन बाधित हो गया है। बच्चों को विद्यालय जाने वाली गाड़ियों के अक्सर तार से स्पर्श होने का डर बना रहता है। इस कारण बच्चे प्रतिदिन जानजोखिम में डालकर विद्यालय जाते हैं। कई बार विद्युत विभाग से इस जर्जर व लूंजपूंज तार को बदलने की मांग की गई, लेकिन विभाग द्वारा इस पर कोई ध्यान नहीं दिया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि काल करने पर जेई द्वारा फोन नहीं उठाया जाता है। साथ ही व्यवस्था ठीक करने के नाम पर 20 हजार रुपये की मांग की जाती है। जुनैद रिजवी ने कहा कि विद्युत विभाग के कर्मचारी बेलगाम हो चुके हैं।

## मवेशी चराने गए व्यक्ति की नदी में डूबने से मौत

**सिवान।** रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के आदमपुर गांव में मंगलवार को नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। स्वजनों उसे सदर अस्पताल लेकर आए जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान आदमपुर निवासी रामायण यादव के पुत्र विद्यार्थी यादव के रूप में हुई है। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करके स्वजनों को सौंप दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि प्रतिदिन की तरह मृतक अपने मवेशियों को चराने के लिए विधार्थी यादव नदी किनारे गए थे। मवेशियों को चराते समय उनका पैर अचानक फिसल गया और वे नदी की तेज धारा में जा गिरे गए। वहां मौजूद कुछ ग्रामीणों ने उन्हें गिरते हुए देखा और तत्काल बचाने के लिए नदी में कूद पड़े। काफी प्रयासों के बाद उन्हें नदी से बाहर निकाला गया, लेकिन तब तक उनकी हालत गंभीर हो चुकी थी। हालांकि कुछ देर बाद उनकी मौत हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना रघुनाथपुर थाना को दी। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय कुमार चौधरी ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह दुर्घटनावश डूबने से हुई मौत प्रतीत होती है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## 20 वर्षों से चल रही रंजिश का परिणाम था मलमलिया तिहरा हत्याकांड

**भगवानपुर हाट (सिवान)।** थाना क्षेत्र के मलमलिया चौक चार जुलाई को बदमाशों ने तीन युवकों की धारदार हथियार से प्रहार कर हत्या कर दी। इस हत्याकांड का मुख्य आरोपित शत्रुघ्न सिंह को 48 घंटा पुलिस ने रिमांड लेने के बाद 20 जुलाई की शाम मेडिकल जांच के बाद जेल भेज दिया । सूत्र के अनुसार शत्रुघ्न सिंह ने तिहरे हत्याकांड का जिम्मेवारी अपने सिर ली है। पुलिस से सहयोग नहीं मिलने पर उसने इस तरह का कदम उठाने पर अपने को मजबूर बताया है। शत्रुघ्न सिंह ने पुलिस रिमांड के दौरान बताया कि 2005 में उसकी हत्या की नीयत से गोली मारी गई थी, जिससे वह करीब डेढ़ माह पीएमसीएच में भर्ती रहा। इस मामले में भगवानपुर हाट थाना कांड संख्या 94/05 दर्ज है। मामले में उस समय मुखिया अखिलेश सिंह सहित कई लोग पर गोली मारने का आरोप था। इसके बाद समय- समय पर मुखिया के साथ छोटी- बड़ी घटना होती रही। थाना में लगातार आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाते रहे, लेकिन उनके बीच चल रहे विवाद को पुलिस गंभीरता से नहीं ली। सूत्र की मानें तो 20 वर्षों से प्रतिशोध की आग से दहक रहा था। अपनी प्रतिशोध को पूरा करने के लिए चार जुलाई को तीन लोगों की हत्या कर दी।

## युवक की चाकू गोदकर हत्या मामले एक गिरफ्तार

**सिवान।** महादेवा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोड़ स्थित माल के समीप 19 जुलाई की दोपहर बदमाशों ने खरीदारी करने आए बड़हरिया थाना क्षेत्र के तीन भेड़िया निवासी रवि कुमार की दिनदहाड़े सीने में चाकू मार हत्या कर दी थी। इस मामले में मृतक के पिता हृदयानंद प्रसाद ने फर्द बयान में पांच युवकों के विरुद्ध नामजद व चार अज्ञात पर प्राथमिकी कराई थी। पुलिस ने इस कांड में नामजद एक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में महादेवा थानाध्यक्ष निर्भय कुमार ने बताया कि नामजद एक को पकड़ा गया , लेकिन वह नाबालिग है।

## कार से शराब के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

**सिवान।** उत्पाद विभाग टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर वाहन जांच कर मैरवा थाना क्षेत्र के लक्ष्मीपुर ओवर ब्रिज के समीप से एक कार से शराब बरामद की। वहीं शराब के साथ एक महिला सहित चार तस्करों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी में चिंटू कुमार, रमेश कुमार, दिवेश कुमार और सोनम देवी शामिल है। इस मामले में उत्पाद अधीक्षक शशांक कुमार ने बताया कि टीम को सूचना मिली थी कि दिल्ली से एक कार में शराब की खेप आ रही है। लक्ष्मीपुर ओवर बीच के समीप कार को रोककर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान कार से 156.9 लीटर विभिन्न प्रकार की शराब बरामद की गई। वहीं एक महिला सहित चार तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार चिंटू कुमार, रमेश कुमार, दिवेश कुमार और सोनम देवी से पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया। पूछताछ के दौरान तस्करों ने बताया कि हम लोग दिल्ली के नंगलोई से शराब लेकर समस्तीपुर जा रहे थे, तभी हमलोगों की गिरफ्तारी हो गई।

